Regarding Need to construct a flyover at Lilori Level Crossing on Ranchi-Rajganj Road in Dhanbad, Jharkhand-Laid

श्री दुलू महतो **(धनबाद) :** मैं सरकार का ध्यान धनबाद संसदीय क्षेत्र (झारखण्ड) अन्तर्गत रांचीराजगंज रोड पर स्थित लिलोरी रेलवे क्रॉसिंग की ओर दिलाना चाहता हूँ, जहाँ प्रतिदिन कई बार गंभीर ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है । यह मार्ग रांची को राजगंज तथा आसपास के क्षेत्रों से जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है । औद्योगिक गतिविधियों के कारण इस मार्ग से हेवी ट्रेलर्स, कोल हाइवा (Coal Hyvas) एवं अन्य भारी वाहनों का निरंतर आवागमन होता है । रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने, संकरी सड़क तथा भारी वाहनों की कतार लगने से क्रॉसिंग पर कई-कई घंटों तक जाम रहता है । एम्बुलेंस, स्कूल बसें, ऑफिस जाने वाले कर्मचारी और दैनिक यात्रियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है । कई बार जाम इतना लंबा हो जाता है कि आपातकालीन सेवाएँ भी प्रभावित होती हैं, जिससे नागरिकों में गहरा रोष है । अतः मैं सरकार से लिलोरी रेलवे क्रॉसिंग पर तत्काल फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति और शीघ्र कार्यारंभ सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध करता हूँ, ताकि जनता को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावनाएँ कम हों ।